YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

NBT

नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली > मंगलवार, 14 जुलाई 2020 > आषाढ़ 23 शक संवत 1942 श्रावण कृष्णा नवमी विक्रम संवत 2077

कई सब्जेक्ट्स में स्टूडेंट्स ने हासिल किए फुल मार्क्स

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

दिल्ली में बहुत सारे प्राइवेट और सरकारी स्कूलों के नतीजे में सुधार हुआ है। ऐसे स्टूडेंट्स की भी कमी नहीं है, जिन्होंने अलग-अलग सब्जेक्ट्स में 100 पर्सेंट स्कोर किया है।

एमिटी इंटरनैशनल स्कूल साकेत में 39 स्टूडेंट्स ने 95 फीसदी से ज्यादा और 57 स्टूडेंट्स ने 90 फीसदी से ज्यादा स्कोर हासिल किया है। स्पेशल चाइल्ड पलक गुप्ता ने 96.25 फीसदी नंबर हासिल किए।

कमल मॉडल सीनियर सेकंडरी स्कूल मोहन गार्डन में अमृता ने ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में 98.7 पर्सेंट स्कोर किया। खुशी रात्रा और रिया लूथरा भी स्कूल की टॉपर्स में शामिल हैं। प्रिंसिपल वंदना टंडन ने स्कूल के टीचर्स, पैरंट्स और सभी स्टूडेंट्स को शानदार रिजल्ट के लिए बधाई दी।

वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल रोहिणी का रिजल्ट इस बार भी 100 पर्सेंट रहा है और कॉमर्स स्ट्रीम के वैभव बंसल 97.8 फीसदी नंबरों के साथ स्कूल के टॉपर रहे। स्कूल के चेयरमैन एस. के. गुप्ता ने बताया कि इस बार स्कूल में 95 और 90 फीसदी से ज्यादा स्कोर करने वाले स्टूडेंट्स का नंबर पिछले सालों के मुकाबले ज्यादा रहा है। कुमकुम कासवान को 95 फीसदी नंबर मिले हैं। शिवम धारी को 97.6, इशिका को 97, दीया महाजन को 95.8 मार्क्स मिले हैं।

दिल्ली में बहुत सारे प्राइवेट और सरकारी स्कूलों के नतीजे में सुधार हुआ है, कई स्कूलों का रिजल्ट 100% रहा

माउंट आबू पब्लिक स्कूल, रोहिणी का रिजल्ट 100 फीसदी रहा। स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति अरोड़ा ने बताया कि 38 स्टूडेंट्स को 90 फीसदी से ज्यादा नंबर मिले हैं और भव्य अरोड़ा ने 97.75 स्कोर करके स्कूल में टॉप किया है। यशोवर्धन गुप्ता ने मैथ्स, हर्षदीप कौर ने साइकोलॉजी और ईशा सिंघल ने इंजीनियरिंग ग्राफिक्स में 100 स्कोर किया है।

एम.एम. पब्लिक स्कूल पीतमपुरा, वसुधा एनक्लेव का रिजल्ट भी 100 पर्सेंट रहा। स्कूल की प्रिंसिपल रूमा पाठक ने बताया कि साइंस स्टूडेंट्स अक्षय अलख ने 97.4, आर्ट्स स्टूडेंट विवेक ने 96.2 और कॉमर्स स्टूडेंट सलोनी अरोड़ा और भारती ने स्कूल टॉप किया है।

कमल पब्लिक स्कूल विकास पुरी में [illegible] कुशवाह ने 96.4, गुफरान महमूद, यशवंत, मो. फैजल खान, मिथिलेश कुमार स्कूल के टॉपर्स में हैं। स्कूल के चेयरमैन आर.के.टंडन और प्रिंसिपल रीमा टंडन ने कहा हर बार की तरह इस बार भी स्कूल का रिजल्ट शानदार रहा है। वंदना इंटरनैशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल, द्वारका में आर्ट्स स्टूडेंट जयिता पाल ने 97.8, कॉमर्स स्टूडेंट गविका तनेजा ने 96.6 और साइंस में सिद्धार्थ चौधरी ने 96.4 स्कोर किया। हीरा पब्लिक स्कूल गुड़गांव रोड का रिजल्ट 100 फीसदी रहा। स्कूल के टॉपर्स में जतिन शर्मा, राहुल यादव, अंशु कुमारी, हिमांशु बिष्ट, महक शामिल हैं।

आर. पी. एम. लवली पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, न्यू लायलपुर की छात्रा खुशी अरोड़ा ने 99.89 पर्सेंट स्कोर किया है। प्रिंसिपल इंदु मलिक और इंचार्ज सुरभि गुप्ता ने बताया कि छात्रा वंशिका आनंद ने 98.4 और वंशिका गोयल को 96 फीसदी नंबर मिले हैं। विवेकानंद स्कूल आनंद विहार की स्टूडेंट तारुषि आनंद और दृष्टि दुबे 98.4 पर्सेंट के साथ स्कूल की टॉपर बनीं। 42 स्टूडेंट्स ने 95 फीसदी से ज्यादा और 160 स्टूडेंट्स ने 90 फीसदी से ज्यादा स्कोर किया है। विद्या बाल भवन सीनियर सेकंडरी स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. सतवीर शर्मा ने बताया कि दीपांक्षी, तुषार और अर्पित टॉपर्स में शामिल हैं।

मयूर इंटरनैशनल स्कूल आईपी एक्सटेंशन का रिजल्ट 100 फीसदी रहा। निधि मौलखी ने 98.2, दिवेश चंद्र ने 97.6 और रजनीश कुमार झा ने 97.2 पर्सेंट स्कोर किया। संस्कृति स्कूल के स्टूडेंट लक्ष्य गुप्ता ने मैथ्स में 100 फीसदी मार्क्स पाए। मॉडर्न पब्लिक स्कूल शालीमार बाग की स्टूडेंट ख्याति पारिक ने आर्ट्स स्ट्रीम में 97 फीसदी और पॉलिटिकल साइंस में पूरे 100 नंबर हासिल किए। राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय सूरजमल विहार में ज्योतिर्मय ने 98.4, पूजा ने 98.2 और अनुष्का ने 97.8 फीसदी नंबर हासिल किए।